# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग,

23, एलनगंज, प्रयागराज – 211002

पत्रांक- शि0से0आयोग/ 1998 /चयन/2026-27 दिनांक- 09 सितम्बर, 2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-01/2022 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के अन्तर्गत विज्ञापित पदों के सापेक्ष 15 विषयो की लिखित परीक्षा दिनांक 03 एवं 04 जून 2026 को आयोजित की गयी थी, जिसके उपरान्त दिनांक 30.06.2026 को उपरोक्त पदों के सापेक्ष 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पदों की अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु सफल घोषित किया गया था। आवेदित पदों के सापेक्ष संशोधित चयन परिणाम उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अनुसार दिनांक- 23.08.2026 को आयोग द्वारा घोषित किया गया है। उक्त 13 विषयों ( कला, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, कृषि, संगीत गायन, संगीत वादन, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, वाणिज्य) के विज्ञापित 2425 पदों के सापेक्ष चयनित 2373 अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अनुसार आज दिनांक 09.09.2026 को आयोग की अधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर जारी कर दिया गया है। उक्त विषयों के शेष 52 अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन अभ्यर्थियों द्वारा वांछित अभिलेख एवं अर्हता पूर्ण न करने के दृष्टिगत आयोग द्वारा जारी नहीं किया जा रहा है। अभ्यर्थियों द्वारा वांछित अभिलेख उपलब्ध कराने की दशा में पृथक से संस्था आवंटन जारी किया जायेगा।

09.09.2026

उपसचिव

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,

प्रयागराज।